मूल्यः एक रुपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–05, मई 2015

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाले कामधेनु स्टील को उपभोक्ताओं ने देश के नं. 1 टीएमटी रिबार ब्राण्ड के रूप में सराहा है। कामधेनु इस्पात लि., टीएमटी रिबार के साथ–साथ उच्च गुणवत्ता की विभिन्न निर्माण सामग्री बनाती है, जिसमें स्ट्रक्चरल स्टील, रूफिंग शीट्स, पेंट उत्पाद, प्लाईवुड, पीवीसी पाइप इत्यादि शामिल हैं।

टीएमटी रिबार किसी भी निर्माण की असली जान माना जाता है। टीएमटी रिबार एक महत्वपूर्ण निर्माण सामग्री है जिस पर इमारत की मज़बूती और लंबी उम्र निर्भर करती है। भारत के भूकंप संभावित क्षेत्रों में सुरक्षित निर्माण के लिये आधुनिक तकनीक से निर्मित उच्च गुणवत्ता के टीएमटी रिबार का महत्व और भी अधिक है। भारत की अग्रणी टीएमटी निर्माता कंपनी के रूप में कामधेनु, तकनीकी तौर पर बेहतर विश्वस्तरीय आविष्कारी उत्पादों के विकास में लगातार समर्पित रहते हुये भारत भर में करोड़ों निर्माण की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। हर जगह उपभोक्ताओं के विश्वास को जीतते हुये आज कामधेनु टीएमटी रिबार भारत का सर्वाधिक बिकने वाला टीएमटी रिबार बन चुका है।




## पंजाब के डीलर्स ने मनाया आगरा में सफलता का जश्न

कामधेनु इस सफलता का समुचित श्रेय अपने चैनल पार्टनर्स को देता है। नियमित तौर पर कंपनी अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरबंधुओं और डिस्ट्रीब्यूटर्स को पुरस्कार देकर उन्हें प्रोत्साहित करती है। इसी प्रकार के एक कार्यक्रम के अंतर्गत एक सफल वित्तवर्ष की समाप्ति पर पंजाब के चैनल पार्टनर्स को मीट के लिये आगरा में आमंत्रित किया गया। इस मीट का एक उद्येश्य विगत वित्तवर्ष की सफलता का जश्न मनाना था, वहीं चालू वित्तवर्ष के लिये बाज़ार रणनीतियों पर चर्चा करना भी मीट का उद्येश्य था। आगरा के होटल क्लार्क शिराज़ में 24 एवं 25 अप्रैल को आयोजित इस मीट में पंजाब के विभिन्न शहरों से स्टील बाज़ार के बेस्ट एचीवर्स रहे, 300 से अधिक डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित हुये।

कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल के साथ कंपनी के कई वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सीनियर जीएम श्री विनोद कुमार गहलौत, एजीएम श्री विवेक माहेश्वरी एवं एजीएम श्री अमित सोनी इस कार्यक्रम में शामिल हुये। लाइसेंस के तहत राज्य में कामधेनु टीएमटी निर्माता कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हुये श्री विजय बंसल, निदेशक, बंसल इस्पात उद्योग तथा श्री रमेश गोयल, निदेशक, रासिक इंडस्ट्रीज़ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।





आगरा में दो दिन के अपने प्रवास के दौरान डीलरबंधुओं ने पहले दिन आगरा फोर्ट एवं दयाल बाग की सैर की। फिर शाम को उन्होंने डीजे और मनोरंजन के साथ कॉकटेल और डिनर के बेहद खास इंतजाम का आनंद उठाया। अगले दिन सभी डीलरबंधु विश्वप्रसिद्ध ताजमहल को देखने गये। शाम में कांफ्रेन्स का आयोजन किया गया।

कांफ्रेन्स में कामधेनु इस्पात लि. के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि, ''कामधेनु अपने डीलर और डिस्ट्रब्यूटर के साथ मिल कर भारत और दुनिया भर के आम उपभोक्ताओं एवं बिजनेस हाउसेज़ को सेवायें देते हुये गुणवत्ता, भरोसा और आविष्कार के अपने मानदंड को बरकरार रखेगा।'' डीलरबंधुओं को संबोधित करते हुये उन्होने आगे कहा, ''यह मीट सिर्फ आगामी बाज़ार रणनीतियों पर चर्चा करने के लिये ही नहीं है, बल्कि आप सबमें अधिक जोश और ताक़त भरने के लिये भी है।''

कंपनी के नेटवर्क को और भी सुदृढ़ करते हुये उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता के उत्पाद और सेवायें उपलब्ध कराने के वादों के साथ डीलर मीट का समापन किया गया। डीलरबंधुओं से बातचीत के दौरान कामधेनु के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिये उन्हें और अधिक सुविधायें देने का भरोसा दिलाया। मीट के दौरान विगत एक वर्ष के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को कंपनी की ओर से सम्मानित भी किया गया।

# प्रधानमंत्री का तीन देशों का दौरा





वर्तमान सरकार के गठन के एक वर्ष पूरा होने के ठीक पहले मई महीने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तीन देशों की यात्रा संपन्न हुई। चीन, मंगोलिया और दक्षिण कोरिया की ये यात्रा आर्थिक और कूटनीतिक दोनों ही संबंधों को मज़बूती देने के लिहाज़ से महत्वपूर्ण रहे। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले चीन गये, जहाँ प्रोटोकॉल को तोड़ कर चीन के राष्ट्रपति ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जहाँ भी गये चीन की जनता ने भारतीय प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक प्रेम का प्रदर्शन किया। चीन के बच्चे खासतौर से प्रधानमंत्री की सरलता और स्नेह के कायल हो गये। योग, ध्यान और आध्यात्म के कई एक समान सांस्कृतिक विरासत से जुड़े भारत और चीन के बीच विश्वास का वातावरण बनाकर और सीमा विवाद पर बातचीत करते हुये अधिक आर्थिक सहयोग के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कई पहल किये।

प्रधानमंत्री का मंगोलिया का दौरा भी भारत और मंगोलिया के बीच बेहतर व्यापारिक संबंध स्थापित करने में काफी सफल रहा। प्रधानमंत्री के दक्षिण कोरिया दौरे से भारत में कोरियाई निवेश बढ़ाने में काफी मदद मिली। दक्षिण कोरिया के बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रमुख प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मिल कर बहुत प्रभावित हुये और भारत में पूँजीनिवेश तथा औद्योगिकीकरण के लिये शुरू की गई बेहतर नीतियों पर भरोसा जताते हुये उन्होंने कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किये।

कुल मिलाकर कहा जाये तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का यह तीन–देशीय दौरा एशिया को विश्व–अर्थव्यवस्था के केंद्र के रूप में स्थापित करते हुये भारत सरकार की मेक इन इंडिया नीति को बढ़ावा देने की दिशा में एक दूरगामी क़दम साबित हुआ है।

# बीमा सुरक्षा के क्षेत्र में नये क़दम



भारत सरकार ने देश की जनता के लिये सामाजिक सुरक्षा की तीन अनूठी योजनायें पेश करते हुये भारत में एक नये युग का सूत्रपात किया है। प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन बीमा और अटल पेंशन योजना के नाम से जारी ये योजनायें देश की आम जनता को बेहद कम खर्च में बीमा सुरक्षा के दायरे में ला रहे हैं। इन योजनाओं की सफलता का आकलन इसी बात से हो जाता है कि योजना आरंभ करने के एक महीने के भीतर ही करोड़ो लोग इस योजना का लाभ उठाना शुरू कर चुके हैं।

इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि जहाँ एक ओर ये योजनायें मामूली खर्च में दुर्घटना, असमय मुत्यु एवं बढती उम्र की आर्थिक आवश्यकता को पूरा करते हुये सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है, वहीं इनसे सरकारी खजाने पर कोई बोझ भी नहीं पड़ रहा है। इन योजनाओं के लागू होने से सिर्फ 1 रूपये महीने के मामूली प्रीमियम पर अब दुर्घटना के दौरान अपंगता की स्थिति में 2 लाख रूपए तक का बीमा उपलब्ध है वहीं प्रति दिन एक रूपये के प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा मिल रहा है। साथ ही आज देश का आम आदमी प्रति महीने मामूली बचत करके 60 साल की उम्र से पांच हज़ार रूपये तक मासिक पेंशन प्राप्त कर सकता है।

भारत सरकार की ये सामाजिक सुरक्षा योजनायें आम नागरिक पर केंद्रित नीतियों का उदाहरण है, जिससे समाज में गरीबी और लाचारी का वातावरण हटेगा और लोगों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।




# कामधेनु पेंट्स ने हिमाचल प्रदेश में बिखेरे रंग

भारत में सबसे तेजी से बढ़ रही सजावटी पेंट की कंपनी, कामधेनु पेंट्स हर श्रेणी के उपभोक्ताओं की जरूरत और पसंद के अनुसार पेंट उत्पादों की विशाल श्रृंखला के निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं। कंपनी का देश भर में विशाल मार्केटिंग नेटवर्क हैं और 6000 से ज्यादा डीलर इससे जुड़े हैं।

पर्यावरण के अनुकूल पेंट उत्पादों और रंगों के बड़े रेंज के लिये प्रसिद्ध कामधेनु पेंट्स ने हिमालय की गोद में बसे खूबसूरत राज्य हिमाचल प्रदेश के उपभोक्ताओं का दिल जीत लिया है। प्रदेश के पेंट डीलर भी कामधेनु पेंट्स उत्पादों की बढ़ती मॉग को लेकर काफी उत्साहित हैं। ऐसे में कामधेनु पेंट्स की राज्य ईकाई द्वारा आयोजित छठे वार्षिक चैनल पार्टनर्स मीट के अवसर पर प्रदेश के डीलरबंधुओं में बहुत जोश दिखा।

9 एवं 10 मई 2015 को हिमाचल प्रदेश के छैल में स्थित तारिका जंगल रिट्रीट में इस दो–दिवसीय डीलर्स मीट का आयोजन किया जिसमें प्रदेश के सभी क्षेत्रों के 100 से अधिक पेंट डीलर शामिल हुये। कंपनी की ओर से श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, कामधेनु पेंट्स, श्री शैलेन्द्र वीर, जीएम नॉर्थ एवं श्री निहाल राप्ता, आरएसएम ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस छठे वार्षिक चैनल पार्टनर्स मीट के मुख्य उद्येश्यों में से एक था वित्तवर्ष 2014–15 के दौरान हिमाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा बिक्री लक्ष्य हासिल करने वाले डीलरबंधुओं को 'अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित करते हुये उन्हें प्रोत्साहित करना। इस तरह का पुरस्कार और सम्मान सभी चैनल पार्टनर्स को बेहतर प्रयास करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में मेसर्स गणेश ट्रेडर्स, परवानू को पहला और मेसर्स कुलदीप कुमार एंड कंपनी, बरमाना को दूसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। मेसर्स अमित आयरन स्टोर, नूरपुर को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ, जबकि मेसर्स एस. के. ट्रेडर्स, चानौर और मेसर्स खेड़ा एशोसिएट्स, राजगढ़ को क्रमशः चौथा और पांचवॉ पुरस्कार दिया गया।

कामधेनु पेंट्स के नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलरों को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि "हमारे सम्मिलित प्रयासों से आज कामधेनु पेंट राज्य की बड़ी पेंट कंपनियों में से एक हो चुकी है। राज्य में विगत 6 वर्षों में कंपनी को लगातार बढ़त मिल रही है और कामधेनु पेंट उत्पादों को लेकर उपभोक्ताओं में सकारात्मक रूझान देखने को मिल रहा है।" पेंट डीलरों को चालू वित्तवर्ष में और भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करते हुये श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा, "कामधेनु पेंट उत्पाद गुणवत्ता और कीमत के पैमाने पर अपने प्रतिद्वन्द्वी ब्रैण्डों से कहीं बेहतर ठहरते हैं। हमें नहीं भूलना चाहिये कि हमारी कंपनी सिर्फ 6 वर्षों से बाज़ार में मौजूद है और कई उपभोक्ता अभी भी हमारे पेंट उत्पादों की विशेषताओं से परिचित नहीं हैं। हमारे पास अभी आगे जाने का बहुत बड़ा अवसर मौजूद है और अगर आप दिल से मेहनत करेंगे तो साल भर में हम 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि बिना किसी परेशानी के हासिल कर सकते हैं।"

कामधेनु पेंट के अधिकारियों ने कार्यक्रम समापन के समय कहा कि कंपनी डीलरों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आगे भी कई मौके देगी और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में जरूरी सहयोग करेगी। जिन्हें इस बार पुरस्कार नहीं मिल पाया वे अपनी मेहनत और लगन से अगली बार हासिल कर सकते हैं।




## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

सुखविन्दर सिंह
**मेसर्स बुलहोवाल सीमेंट कॉरपोरेशन**
नियर बाईपास वीपीओ डलमवाल (बुलहोवाल)
ज़िला – होशियारपुर
पंजाब जालंधर डिपो
मो. 098141 84249

कुल्तार सिंह
**मेसर्स सेन्ट पेंट एण्ड मशीनरी स्टोर**
बाबा बूटा भगत मार्किट दरापुर
उरमूर टांडा जिला – होशियारपुर
पंजाब जालंधर डिपो
मो. 075081 75900

सनी गर्ग
**मेसर्स गणेश ट्रेडर्स**
शॉप नं. 2, बावा कॉम्पलैक्स
सैक्टर–1, परवानू
मो. 01792–233486

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.05.2015





# KAMDHENU SS 10000 से परिचित हुए निर्माणकर्मी

कामधेनु इस्पात लि0 का नवीनतम प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 भारत का एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार है। 100 प्रतिशत भूकंपरोधी निर्माण के लिये आदर्श KAMDHENU SS 10000 में है डबल मजबूती और जो देती है डबल सुरक्षा। यू.के की अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा उच्च गुणवत्ता के बिलेट्स से बनने वाले KAMDHENU SS 10000 की बेहतरीन भूकंपरोधी क्षमता और दुगुनी मजबूती के बारे में निर्माणकर्मियों के बीच जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान में लगातार 3 मैसन मीट का आयोजन किया गया।

14 मई से 16 मई के दौरान राजस्थान के जयपुर तथा अलवर ज़िले में आयोजित इन जागरूकता कार्यक्रमों में समीपवर्ती क्षेत्र के ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन जागरूकता कार्यक्रमों में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर श्री मनीश सोनी एवं श्री मुकेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य हैं, श्री एकेश्वर साहू, मार्केटिंग ऑफिसर और श्री विशाल सक्सेना, एक्ज़क्यूटिव, मार्केटिंग। KAMDHENU SS 10000 के स्थानीय सेल्स प्रोमोटर्स मेसर्स सैटर्न स्टील्स एवं मेसर्स गणपति स्टील कारपोरेशन ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

14 मई को जयपुर ज़िले के पाओटा में आयोजित मैसन मीट का आयोजन सेल्स प्रोमोटर मेसर्स गणपति स्टील कारपोरेशन एवं स्थानीय डीलर मेसर्स गोयल आयरन स्टोर के सहयोग से किया गया। शहर के मशहूर बिल्डर श्री विजय जी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुये। श्री मनीश सोनी ने कार्यक्रम के दौरान







बताया कि KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट पर आम सरियों के मुकाबले ढ़ाई गुणा से भी अधिक मज़बूत पकड़ देती है। इसकी डबल रिब्स वाली खास डिजायन के कारण उचित सीमेंट एवं कंक्रीट मिक्स के साथ मिलकर यह 10000 psi की दबाव सहने की ताकत देता है जो दूसरे उत्पादों से काफी अधिक है। सत्र के अंत में श्री मुकेश शर्मा और श्री एकेश्वर साहू ने उपस्थित ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों के प्रश्नों के जवाब दिये।

अगले दिन 15 मई को इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम सेल्स प्रोमोटर्स मेसर्स सैटर्न स्टील्स के सहयोग से अलवर ज़िले के शाहजापुर में आयेजित किया गया। स्थानीय डीलर मेसर्स महावर स्टील्स ने इस कार्यक्रम के आयोजन का इंतजाम किया। क्षेत्र के सम्मानित बिल्डर श्री गिरिराज जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री मुकेश शर्मा ने KAMDHENU SS 10000 के बारे में जनकारी देते हुये बताया कि, ''आविष्कारी डबल रिब्स वाली डिजायन के कारण KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट पर दोहरी और दोतरफा अनोखी इंटरलॉकिंग पकड बनाता है जो भूकंप के तेज झटको को भी आसानी से सह लेता है।''



अलवर ज़िले के ही राजगढ़ में 16 मई को आयोजित एक और मैसन मीट में भी आस–पास के मैसन और ठेकेदार, KAMDHENU SS 10000 के बारे में जानकारी पाने के लिये उत्साह के साथ उपस्थित हुये। सेल्स प्रोमोटर्स मेसर्स सैटर्न स्टील्स और स्थानीय डीलर मेसर्स रामा आयरन स्टोर के सहयोग से आयोजित इस मैसन मीट में प्रतिश्ठित डीलर श्री हरिशंकर जी मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये गये। राजमिस्त्रियों को जानकारी देते हुये श्री मनीश सोनी ने बताया कि, ''KAMDHENU SS 10000 भूकंप से सुरक्षित मज़बूत निर्माण के लिये बेहद जरूरी है। और उपभोक्ताओं को यह उत्पाद अपनाने की सलाह देना एक अच्छे निर्माणकर्मी का फर्ज़ है।'' मीट के दौरान श्री श्री मुकेश शर्मा एवं श्री विशाल सक्सेना ने उपस्थित निर्माणकर्मियों के तकीनीकी सवालों का अच्छी तरह समझा कर जवाब दिया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com